कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं - 0788-2350125 ई-मेल: Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्रं./ ESTB/27960/2026-ESTT-SEC/1265 भिलाई, दिनांक 02/11/2026

//आदेश//

कार्यालयीन आदेश क्र./एफ/1/सा.प्र.वि./विविध/25/1653 भिलाई दिनांक 11.12.2025 के द्वारा सुश्री माया बी.के. (निलंबित) स्वच्छता पर्यवेक्षक को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्र./1089/नि.पं./2025/दुर्ग दिनांक 10.12.2025 में दिए गये निर्देशानुसार-निर्वाचन कार्य में लापरवाही व अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 13 ग (ग) सहपठित छ.ग. शासन सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने के कारण निलंबित किया गया। निलंबन पश्चात् कार्यालयीन आदेश क्र/एफ/1/सा.प्र.वि./25/1713 भिलाई दिनांक 26.12.2025 को विभागीय जांच संस्थित कर आदेश क्र./एफ-1/सा.प्र.वि./शि.जां./26/101 भिलाई दिनांक 15.01.2026 के माध्यम से श्री नरेन्द्र कुमार बंजारे, उपायुक्त को विभागीय जांच अधिकारी तथा सुश्री श्वेता महिश्वर, उप अभियंता को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया।

विभागीय जांच अधिकारी द्वारा दिनांक 30.07.2026 को विभागीय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमे अपचारी सेविका के विरूद्ध अधिरोपित आरोप, प्रमाणित पाया जाना प्रतिवेदित किया गया।

तत्पश्चात् विभागीय जांच में समुचित विचार उपरांत सुश्री माया बी.के., स्वच्छता पर्यवेक्षक को निलंबन से बहाल किया जाता है एवं जोन क्र. 01 लोक कर्म विभाग में पदस्थ किया जाता है तथा विभागीय जांच में अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होने के कारण लघुशास्ति अधिरोपित करते हुए इनकी आगामी (एक) वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाती है तथा भविष्य के लिए इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो की चेतावनी देते हुए निलंबन अवधि को कर्तव्य अवधि नही मान्य करते हुए इनके विरूद्ध संस्थित विभागीय जांच को समाप्त किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

Digitally signed by
SURUCHI SINGH
Date: 01-11-2026
11:45:57

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई

पृ. क्रं./ ESTB/27960/2026-ESTT-SEC/1266 भिलाई, दिनांक 02/11/2026

प्रतिलिपि:-

1. महापौर महोदय / अध्यक्ष नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त 01/02, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त जोन क्र. 01/03, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. प्रभारी अधिकारी स्टेशनरी / जनसूचना अधिकारी नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. सहायक अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को विभागीय वेवसाईट में अपलोड करने हेतु।
10. **सुश्री माया बी.के., स्वच्छता पर्यवेक्षक, जोन क्र. 03 मदर टेरेसा नगर, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।**

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई